# आरबीआई के वित्तीय समावेशन अभियान के तहत जागरुकता शिविर आयोजित






अनोखा तीर, रहटगांव। गुरुवार को मंडी प्रांगण में भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आरबीआई अधिकारियों के साथ रहटगांव क्षेत्र की सभी शाखाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्र के बड़ी संख्या में खाताधारक भी इसमें शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तीन माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रहटगांव मंडी परिसर में हुए इस आयोजन में हितग्राहियों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीके और विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी गई। बालिकाओं ने नाटक के माध्यम से योजनाओं का प्रदर्शन किया और आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। शिविर में आरबीआई जीएम हेमंत सोनी, एलडीओ श्रवण कुमार, एसबीआई चैनल मैनेजमेंट के डीजीएम जितेंद्र सिंह, एसबीआई आरएम सुदीप मुसरे, एलडीएम हरदा मनोज पवार, एसबीआई बीएम राजेंद्र गिर, एमपीजीबी आरएम सुरेंद्र सिंह राणा, एमपीजीबी बीएम रवि चंदेल, बीओआई डीजीएम सौरभ सिकरवार, बीओआई बीएम रुपेंद्र पटेल और सीबीआई बीएमसी अविनाश सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रहटगांव सरपंच पति सुरज रंगीले, छिरपुरा सरपंच रविशंकर तोमर, खमगांव सरपंच आनंद सिंह सगर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।